दिनांक 13.10.2024 समय: 2.10PM

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

_प्रधानमंत्री–गतिशक्ति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने की सराहना करते हुए कहा है कि इस पहल ने भारत के बुनियादी ढांचे को नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गतिशक्ति ने मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण वृद्धि की है और विभिन्न क्षेत्रों के तीव्र तथा कारगर विकास को सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों के अबाधित एकीकरण से संभार–तंत्र मजबूत हुआ है, विलम्ब में कमी आई है और बहुत से लोगों के लिए नये अवसरों का सृजन हुआ है।

दशहरा

कल विजयादशमी का पर्व दशहरा प्रदेशभर में धमूधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भोपाल में छोला दशहरा मैदान और सलैया में आयोजित दशहरा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके पहले उन्होंने महेश्वर और इंदौर में शस्त्रपूजन किया। सरकार के मंत्रियों ने भी जिलों में शस्त्र पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष शस्त्र पूजन की परम्परा के निवर्हन में राज्य सरकार सहभागी हुई है। हमारी संस्कृति में शास्त्रों के साथ सदैव शस्त्रों की पूजा की गई है।

सीएम–उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन के ग्राम निनोरा में कपडा एवं परिधान क्षेत्र की एक और नवीन इकाई मेसर्स प्रतिभा स्वराज प्रा. लि. का लोकार्पण किया। यह इकाई औद्योगिक विकास के साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस गारमेंट इकाई से जिले में लगभग 3 हजार 500 से अधिक स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त होंगे। इसमें 80 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की भागीदारी होगी, जो कि महिलाओं का सशक्त बनाने के साथ–साथ क्षेत्र के आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान होगा।

अंतरराष्ट्रीय आपदा शमन दिवस

आज अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम शमन दिवस है। यह दिवस आपदा शमन में शिक्षा के महत्व को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतरेस ने जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदाओं से बच्चों को बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय पहल की अपील की है। उन्होंने कहा है कि समाज और

अर्थव्यवस्था के अलावा खासकर बच्चों पर आपदा का विनाशकारी प्रभाव पडता है क्योंकि इससे उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रभावित होती है।इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम शमन दिवस का विषय है– सशक्त भारत के लिए अगली पीढी का सशक्तिकरण।

किशोर कुमार सम्मान

खंडवा में 'राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान कार्यक्रम' आज पुलिस परेड ग्राउंड में होगा। इसमें फिल्मकार राजकुमार हिरानी को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आज शाम 7 बजे होगा। इसमें गायक नीरज श्रीधर अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। आयोजन संस्कृ ति विभाग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनजातीय विभाग मंत्री विजय शाह रहेंगे। राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान 1997–98 में भोपाल से शुरू हुआ था। किशोर प्रेमियों की मांग पर 2003–04 में समारोह का आयोजन किशोर दा की नगरी खंडवा में शुरू हुआ। आज राजकुमार हिरानी को 27वां किशोर कुमार सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

सोयाबीन का रावण

अतिवृष्टि से प्रदेश में कई स्थानों पर फसलों को नुकसान हुआ है। इसका प्रभाव दशहरा में भी दिखाई दिया। सीहोर जिले में खराब हुई सोयाबीन की फसल से रावण बनाकर अनूठे अंदाज में उसका दहन किया गया। किसानों की पीड़ा व्यक्त करने के लिए यह आयोजन ग्राम रामाखेड़ी में कल किया गया।

मौसम

प्रदेश मे कुछ जिलों से बारिश की खबर आई है।

शिवपुरी में कल से मौसम में बदलाव देखने को मिला है। जिले आज सुबह भी रिमझिम बारिश हुई। इस बारिश से न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। किसानों ने बताया है कि इससे कटी सोयाबीन की फसल को नुकसान हो सकता है। वही आगरमालवा में भी सुबह से ही बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का अनुमान जताया है। बैतूल, बड़वानी, खरगोन और धार जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुजरात के सूरत में आयोजित जल संचय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सहित राजस्थान गुजरात के मुख्यमंत्री और बिहार के उप मुख्यमंत्री भी सहभागिता करेंगे।
- आज राजधानी भोपाल सहित प्रदेष के विभिन्न जिलों में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भोपाल षहर में इसको देखते हुए षहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

- नर्मदापुरम में सांगाखेड़ा रोड पर स्थित तवा नदी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक नर्मदापुरम के ईदगाह, बालागंज क्षेत्र के हैं। दोनों मछली पकड़ने के लिए गए थे। माखननगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया।
- रतलाम मंडल अंगर्तत 16 अगस्त से 15 नवम्बर तक सतर्कता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की थीम 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' है।